| ख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज |
|---|---|
| | देने लग गये और कहा कि उक्त जमीन गैरसायलान ने सायलान के पिता से खरीद ली है। अब तुम्हें इस जमीन को काश्त नहीं करने देंगे और जमीन से बेदखल करेंगे और सायलान के साथ गैरसायलान मारपीट करने लग गये, यदि गैरसायलान ने भूमि के लाग से सायलान को बेदखल कर दिया, तो सायलान को अपूर्णीय क्षति व भारी असुविधा होगी। इसलिए सायलान, गैरसायलान को अस्थायी निषेधाज्ञा से ताफैसला वादपत्र पाबन्द कराने के अधिकारी हैं। |
| | बहस वकील सायलान का मनन किया गया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली में प्रस्तुत राजस्व रिकार्ड जमाबंदी संवत 2072 से 75 में विवादित भूमि सायलान के खातेदारी में अंकित है; जिसका कोई खण्डन गैरसायलान द्वारा नहीं किया गया है। प्रार्थना पत्र के साथ सायलान ने अपने कब्जे काश्त खातेदारी भूमि होने का शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है जिससे प्रथमदृष्टया केस सायलान के पक्ष में है एवं अपूर्णीय क्षति व सुविधा का सन्तुलन भी सायलान के पक्ष में है। |
| | अतः प्रार्थना पत्र सायलान विरुद्ध गैरसायलान स्वीकार किया जाता है। गैरसायलान को ताफैसला वादपत्र अस्थायी निषेधाज्ञा से पाबन्द किया जाता है कि वह विवादित आराजी खे.न. 880 रकबा 2 बीघा 15 बिस्वा ग्राम नींदर तह० मण्डरायल में सायलान के कब्जे काश्त में किसी प्रकार का व्यवधान पैदा नहीं करें ना ही किसी अन्य से करावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर मूल दावा के साथ संलग्न हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर मूल दावा के साथ संलग्न हो। निर्णय लिखाया जाकर सुनाया गया। |
| | (हस्ताक्षर)<br>उपखण्ड अधिकारी<br>मण्डरायल (करौली) |

| | | |
|---|---|---|
| 15-3-17 | पत्रावली पेश हुई। वकील सायलान श्री रामसहाय धाकड़ उपस्थित। कार्यालय रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। प्रार्थना पत्र 212 RT Act दर्ज रजिस्टर किया जाकर गैरसायलान को जरिये सम्मन तलब किया जावे। पत्रावली वास्ते तलबी गैरसायलान दिनांक 5/4/2017 को पेश हो। | जारी 5/4-21 27-3-17 |
| 5/4/17 | पत्रावली पेश हुई। वकील सायलान उपस्थित। गैरसायलान स्वयं उपस्थित। P.O. साहब कैलादेवी मेले में व्यस्त है। पत्रावली पूर्वानुसार दिनांक 3/5/17 को पेश हो। | मेरा प्रकरण शिवकुमार रामनिवास |
| 3/5/17 | पत्रावली पेश हुई। वकील सायलान उपस्थित। गैरसायलान नं. 1 ता 3 स्वयं उपस्थित। पत्रावली वास्ते जवाब T.I. दिनांक 24/5/17 को पेश हो। | |
| 24/5/17 | पत्रावली राजस्व लोक अदालत कैम्प अटल सेवा केन्द्र नीदर पर पेश हुई। वकील सायलान उपस्थित। पत्रावली वास्ते जवाब T.I. दिनांक 30/6/17 को पेश हो। | |
| 30/6/17 | पत्रावली पेश हुई। वकील सायलान उपस्थित। गैरसायलान नं. 1 ता 3 उपस्थित नहीं है। कई आवाजें दिलाई गई। उपस्थित नहीं आये। अतः उनके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही के आदेश दिये जाते हैं। बहस वकील सायलान प्रार्थना एकपक्षीय सुनी गई। पत्रावली का अवलोकन किया गया। वकील सायलान का बहस में कथन है कि आराजी खे.नं. 880 रकबा 2 बीघा 15 बिस्वा ग्राम नीदर तहसील मण्डरायल सायलानके खातेदारी व कब्जे काश्त की है, जिससे गैरसायलान का कोई सम्बन्ध नहीं है। गैरसायलान ताकतवर पैसे वाले व्यक्ति है और सायलान की कमजोरी का लाभ उठाकर सायलान की भूमि को जबरन छीनना चाहते हैं और आये दिन सायलान की भूमि पर आकर सायलान को परेशान करते है। वर्तमान में भूमि में सायलान की सरसों की फसल खड़ी हुई है। दिनांक 8.1.17 को सायल नं. 2 अपनी सरसों की फसल में पानी दे रहा था, तब सायल नं. 4, सायल नं. 2 का सहयोग कर रहा था, तभी गैरसायलान भूमि पर आये और सायलान से गाली गलौच | |

P.T.O....